Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 17–आवंटन (राज्यांश –0306)–90 / 2019......11476

प्रेषक,

जय सिंह, भा०प्र०से०
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता,
नालन्दा, दरंभगा, गोपालगंज, सारण, समस्तीपुर, भागलपुर, मुंगेर, शेखपुरा, पटना, भोजपुर, रोहतास, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी, अररिया, किशनगंज, कटिहार, मुजफ्फरपुर, वैशाली, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, औरंगाबाद, गया, अरवल, पूर्णियाँ, सुपौल, मधेपुरा, बाँका, पश्चिम चम्पारण, जमुई, नवादा, बक्सर, कैमूर (भभूआ), मधुबनी, सिवान एवं सहरसा।

पटना, दिनांक : 15-12-2020

विषय :– विपत्र कोड– 40–2029001030306 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में आवंटित राशि के व्यय के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय आवंटन संख्या 8002 दिनांक 19.05.2020 एवं 10850 दिनांक 17.09.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र अंचल स्तरीय डाटा केन्द्र–सह– आधुनिक अभिलेखागार को कार्यकारी बनाने हेतु आधुनिक उपकरण एवं उपस्कर इत्यादि के आपूर्ति हेतु विपत्र कोड– 40–2029001030306 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में आवंटन उपलब्ध कराया गया था। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि मात्र एक कार्यालय लखीसराय को छोड़कर शेष कार्यालयों द्वारा आवंटित राशि के विरूद्व CFMS में व्यय शून्य अंकित है।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2020–21 समाप्त होने में मात्र तीन माह ही शेष है। यह राशि राष्ट्रीय भू–अभिलेख एवं प्रबंधन कार्यक्रम (NLRMP/DILRMP) के अन्तर्गत केन्द्रांश की राशि के विरूद्व राज्यांश की राशि है। संदर्भित मद में उक्त राशि का व्यय किया जाना नितांत आवश्यक है। राशि के ससमय व्यय नहीं होने एवं प्रत्यर्पण की स्थिति में पुनः उक्त राशि का प्रावधान कराना अत्यंत ही दुष्कर कार्य है, साथ ही राशि के प्रत्यर्पण होने की दशा में संबंधित विभाग को राशि न व्यय होने का औचित्य देना होता है।

अतः अनुरोध है कि अंचल स्तरीय डाटा केन्द्र–सह– आधुनिक अभिलेखागार को कार्यकारी बनाने हेतु आधुनिक उपकरण एवं उपस्कर इत्यादि के आपूर्ति हेतु विपत्र कोड– 40–2029001030306 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में आवंटन उपलब्ध करायी गई राशि का शत–प्रतिशत नियमानूकुल व्यय करते हुए व्यय प्रतिवेदन अद्योहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायी जाय। राशि के ससमय व्यय नही होने एवं प्रत्यर्पण की स्थिति में सारी जिम्मेवारी आपकी होगी।

विश्वासभाजन

15/12/20
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–आवंटन (राज्यांश –0306)–90 / 2019..11476 **पटना, दिनांक** 15-12-2020

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित प्रभारी पदाधिकारी / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय) को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–आवंटन (राज्यांश –0306)–90 / 2019..11476 **पटना, दिनांक** 15-12-2020

प्रतिलिपि संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–आवंटन (राज्यांश –0306)–90 / 2019..11476 **पटना, दिनांक** 15-12-2020

प्रतिलिपि :– सुश्री सुरभि सिंह, डाटा एनालिस्ट, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप